अग्रवाल महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व पराक्रम दिवस का आयोजन

आज दिनांक 23-1-2021 को अग्रवाल महाविद्यालय के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में इतिहास विभाग द्वारा एक राष्ट्रीय स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का डिजिटल माध्यम से आयोजन किया गया व साथ ही साथ नेता जी को पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रश्नोत्तरी का विषय- सुभाष चंद्र बोस का जीवन और उनका भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान रहा । इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में देश के अनेक महाविद्यालयों से अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ सर्वप्रथम अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता जी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन करते हुए दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर किया। प्राचार्य महोदय ने नेताजी के तप, त्याग, संघर्ष, बलिदान से छात्राओं को प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि नेता जी का भारतीय इतिहास में स्थान अद्वितीय व अविस्मरणीय है जिसके कारण ही उनके जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रुप में मनाया जाता है। तत्पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ताओं व विद्यार्थियों ने नेता जी को पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं नैंसी, प्रगति व सिमरन ने नेता जी की कुर्बानी पर कविता व विचार प्रस्तुत किए। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह ने विद्यार्थियों को सुभाष चन्द्र बोस और उनके स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान का ज्ञान विद्यार्थियों को करवाया। राष्ट्रीय स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में देश के विभिन्न भागों से कुल 382 रजिस्ट्रेशन हुए जिसमें क्रमशः सिमरन वर्मा (अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़) ने प्रथम, रितिक (बनवारी लाल जिंदल सुईवाला कॉलेज तोशाम भिवानी) ने दूसरा व प्रशांत झा (डी० ए० वी० कॉलेज फरीदाबाद) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय में सुभाष चन्द्र बोस जी की 124 वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में नेता जी के अमर बलिदान को याद कर मनाई गई। इस अवसर पर श्रीमती कमल टंडन, डॉ० अशोक निराला, डॉ० रामचंद्र, सुप्रिया, डॉ० पूजा

सैनी, श्री सुभाष, श्री जगबीर, मोहित, डॉ० संतोष व सुश्री योगिता और महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं ने नेता जी को पुष्प समर्पित कर उन्हें नमन किया।